# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 34** **अक्तूबर-दिसंबर 2022**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**सुश्री रंजना झा**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री दयानंदन टी.**

**अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

**दिनांक 10.10.2022 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, नई दिल्ली के अध्यक्ष श्री विवेक जोहरी ने मंदिरों के शहर उडुपी में उडुपी केंद्रीय उत्पाद शुल्क और केंद्रीय कर मंडल कार्यालय के नए कार्यालय भवन और गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया, जिसमें केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त श्रीमती रंजना झा एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।**












# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**दिनांक 31-10-2022 से दिनांक 06-11-2022 तक केंद्रीय कर और सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है । भ्रष्टाचार उन्मूलन और सभी कार्यों में तत्परता और पादर्शिता लाने के संबंध में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 31.10.2022 को शपथ लेने के साथ-साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई । इस उपलक्ष्य में त्रिभाषी/द्विभाषी बैनर्स और पोस्टर्स सभी आयुक्तालयों के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित भी किए गएं। दि.31-10-2022 को सतर्कता नीति/कार्यवाही तथा निवारक सतर्कता विषय पर बेंगलूरु लेखापरीक्षा-I आयुक्तालय द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें श्री एस.एन.हेगडे, सहायक आयुक्त, केंद्रीय कर, लेखापरीक्षा-I आयुक्तालय, बेंगलूरु ने प्रस्तुतीकरण दिया।**

**दिनांक 01-11-2022 को बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय बनशंकरी से जयनगर 5वॉ ब्लॉक तक फिर वापस बनशंकरी कार्यालय तक बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय द्वारा वाकेथॉन का आयोजन किया । दिनांक 02-11-2022 को डीजीओवी, हैदराबाद द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में इस अंचल के बहुत सारे अधिकारियों ने भाग लिया और कुछ अधिकारियों ने पुरस्कार भी जीता । दिनांक 04-11-2022 को सुबह 7 बजे बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय द्वारा मैराथॉन का आयोजन किया गया । तथा 2:30 बजे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कारों से नवाज़ा गया । तदुपरांत 04:00 बजे "एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय पर शून्या दल द्वारा बेंगलूरु शिवाजीनगर बस स्टैंड पर नुक्कड़ का प्रदर्शन ।**

**तदुपरांत दिनांक 04-11-2022 के सायं 5 बजे को बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय, बेंगलूरु द्वारा वेबिनार के माध्यम से समापन समारोह का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय, बेंगलूरु के आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सुमन ने स्वागत भाषण दिया । सीबीआईसी के माननीय सेवानिवृत्त सदस्य श्री पी.आर.वी. रमणन ने मुख्य अतिथि का भार वहन किया । सुश्री रंजना झा, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय, बेंगलूरु की संयुक्त आयुक्त श्रीमती वनश्री हुल्लुनवर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया एवं श्रीमती वी. सरला, अधीक्षक, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय ने कार्यक्रम का संचालन किया ।**

**दिनांक 19.11.2022 को माननीय राजस्व सचिव श्री तरुण बजाज ने बेंगलूरु केंद्रीय कर और सीमा शुल्क अंचल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना झा एवं अंचल में कार्यरत सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।**







## राजभाषा पुरस्कार

**बेंगलूरु अपील्स-II आयुक्तालय** को वर्ष 2022-23 के लिए राजभाषा में उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), बेंगलूरु द्वारा नियोजित **"राजभाषा पुरस्कार"** (सांत्वना पुरस्कार) प्राप्त हुआ।



नराकास के अध्यक्ष **श्री एम. शंकरन** से शील्ड प्राप्त करते हुए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अपील्स-II आयुक्तालय के आयुक्त **श्री एस.अनिल कुमार** (बीच में हैं) साथ में **श्रीमती पद्मश्री बाबु**, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय,

## यूआरएससी, इसरो, बेंगलूरु में आयोजित संयुक्त हिंदी दिवस ।








इस अंचल के अधिकारियों ने दिनांक 16.12.2022 को आयोजित संयुक्त हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(कार्यालय-2), बेंगलूरु द्वारा के विभिन्न कार्यालयों द्वारा आयोजित हिंदी प्रतियोगितओं में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किए। यूआरएससी केंद्र, इसरो के प्रमुख एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय2), बेंगलूरु के अध्यक्ष के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त करते हुए अधिकारीगण।

<u>पुरस्कार प्राप्त अधिकारीगण :</u>

बाएं से 1) **श्री वाई. सुब्रह्मण्यम**, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु - विविधा में सांत्वना पुरस्कार; 2) **श्रीमती आर.एन. सविता**, निजी सचिव, केंद्रीय कर, बेंगलूरु लेखापरीक्षा-II आयुक्तालय - स्मृति लेखन में तृतीय पुरस्कार; एवं 3) **श्री चंदन कुमार मिश्रा**, निरीक्षक, केंद्रीय कर, बेंगलूरु - कहानी लेखन में तृतीय पुरस्कार ।

## हिंदी कार्यशाला

दिनांक 07.12.2022 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत निरीक्षकों के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से **ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला** का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन नासीन, बेंगलूरु के अपर निदेशक श्री डॉ. सुजीतकुमार पी. सोमपूर ने किया। पूर्वाहन के दोनों सत्र में एच.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त उपमहा प्रबंधक डॉ.शंकर प्रसाद ने " *राजभाषा नीति* " पर प्रकाश डाला। तथा अपराहन पर के दोनों सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.जी.आर. चौधरी ने " *टिप्पण एवं आलेखन* " पर व्याख्यान दिया।




## दिनांक 29.11.2022 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया






## राजभाषा लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय द्वारा दिनांक 07.10.2022 को राजभाषा लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।






इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**